Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Shakya Shri Raghuraj Singh

>

Title : Need to remove Achalpur railway in Etah-Kasganj Section as 'Vairans Achalpur.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : सभापति जी, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी और सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं कि कासगंज से एटा की रेलवे लाइन से जोड़ने का काम प्रगति पर चल रहा है। रेलवे लाइन के बीच में अचलपुर रेलवे स्टेशन प्रस्तावित है। प्रस्तावक स्टेशन से 1 किलोमीटर दूरी पर बैरंज बौद्ध धर्म का पर्यटक स्थल है, जहां लाखों की संख्या में बौद्ध अनुयायी आते हैं। अभी तक वहां कोई रास्ता नहीं था, कोई सड़क भी नहीं थी। अब जब यह स्टेशन केवल 1 किलोमीटर की दूरी पर बन ही रहा है जिससे लाखों की संख्या में पर्यटक आने से सरकार की आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। इसलिए मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं, वह स्टेशन जो अचलपुर स्टेशन के नाम से बन रहा है, उसका नाम बैरंज अचलपुर स्टेशन रख दिया जाए जिससे बौद्ध अनुयाइयों और पर्यटकों को लाभ होगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।